**विधान परिषद् द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम-गुरूवार हेतु निर्धारित डा० मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-3 का उत्तर-**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 3(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि प्रयागराज व झांसी मण्डल के जिला चिकित्सालयों में दिनांक 01 जनवरी, 2023 से दिनांक 21 मार्च, 2024 तक शासन के किन-किन अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया है और उक्त निरीक्षण के दौरान क्या-क्या खामिया प्राप्त हुई है और उक्त खामियों के उपरान्त किन-किन अधिकारियों पर क्या-क्या कार्यवाही की गयी है? | दिनांक **01** जनवरी, **2023** से दिनांक **21** मार्च, **2024** तक प्रयागराज मण्डल में मण्डलीय अपर निदेशक, प्रमुख अधीक्षक व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा जनपद प्रयागराज के मोती लाल नेहरू मण्डलीय चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय, टी०बी० सप्रू चिकित्सालय एवं राजकीय क्षय रोग चिकित्सालय का समय-समय पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति पूर्ण पायी गयी। चिकित्सालयों की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।<br>झांसी मण्डल में आयुक्त, झांसी मण्डल, ज़िलाधिकारी, झांसी व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा जनपद झांसी के जिला पुरुष/महिला चिकित्सालय का निरीक्षण समय-समय पर किया गया। जिलाधिकारी, जालौन व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा जनपद जालौन के जिला पुरुष/महिला चिकित्सालय का समय-समय पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त जनपदों के चिकित्सालयों में साफ-सफाई, पार्किंग आदि की कमियां पायी गयी थीं। निरीक्षण में पायी गयी कमियों का समय से निस्तारण करा दिया गया है। |
| (ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री।